# पीएम मोदी देंगे 20,631 करोड़ की 11 परियोजनाओं की सौगात

## प्रधानमंत्री आठ परियोजनाओं का लोकार्पण और तीन का करेंगे शिलान्यास, प्रमुख परियोजनाओं का मुख्यमंत्री आज करेंगे निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर





**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को शहर आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीएम सीएसए मैदान से शहर की 20,631 करोड़ की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास करेंगे। इनमें से 20,193 करोड़ की आठ परियोजनाओं का लोकार्पण और 438 करोड़ की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास करना है। इसके साथ ही दो योजनाओं के चार लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी सौंपेंगे। वह 1:15 घंटा शहर में रहेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शहर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के नयागंज मेट्रो स्टेशन से रावतपुर स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा करने के कार्यक्रम पर संशय है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री का चॉपर पहले चकेरी एयरपोर्ट पर 2:45 बजे उतरेगा। चॉपर से तीन बजे सीएसए स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगे। मंच से ही शहर की 11 परियोजनाओं का रिमोट दबाकर लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद तीन आयुष्मान कार्ड और एनआरएलएम की महिलाओं को ऋण का चेक सौंपेंगे। वह चार बजे जनसभा को संबोधित कर रवाना हो जाएंगे। जिनका लोकार्पण व शिलान्यास किया जाना है, उनमें दो विद्युत परियोजनाएं अन्य जिलों की हैं।

**25 हजार लाभार्थी लाने का लक्ष्य:** प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन सभी ब्लॉकों से अलग-अलग योजनाओं के करीब 25 हजार लाभार्थियों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। लाभार्थियों को लाने और ले जाने के लिए करीब 500 बसें लगाई गई हैं। जनसभा में करीब 50 हजार भीड़ इकट्ठा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### चार घंटे शहर में रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**कानपुर।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को शहर आ रहे हैं। दोपहर 12 से शाम चार बजे तक घाटमपुर, पनकी पॉवर प्लांट, मेट्रो की परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सीएम के निरीक्षण से पहले शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को सभी स्थानों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। वहां से हेलीकाप्टर से नेयवेली पावर प्लांट घाटमपुर जाएंगे। फिर 12:40 बजे वहां से रवाना होकर अर्मापुर हैलीपैड जाएंगे। वहां से कार से पनकी पावर प्लांट का निरीक्षण करेंगे। फिर हेलीकाप्टर से 1:30 बजे पुलिस लाइन पहुंचेंगे। वहां से 1:50 बजे नयागंज मेट्रो स्टेशन का जायजा लेंगे। वहां से मेट्रो में बैठकर रावतपुर स्टेशन पहुंचेंगे। इसके बाद 2:10 बजे विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह के विजयनगर स्थित आवास पर पहुंचकर मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहां 2:40 बजे रवाना होकर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंचकर पीएम की जनसभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद करीब 30 मिनट तक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाम चार बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। (ब्यूरो)

### दो पावर प्लांट, मेट्रो के दूसरे फेज का संचालन व अन्य परियोजनाएं

- **नेयवेली लिग्नाइट पावर प्लांट..**घाटमपुर में कुल तीन यूनिट की क्षमता 1980, प्रति यूनिट की क्षमता 660 मेगावाट। कुल लागत 19237 करोड़ रुपये।
- **पनकी पॉवर प्लांट...** कुल क्षमता 662 मेगावाट। जिसमें से 500 मेगावाट का विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है।
- मेट्रो के दूसरे चरण का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे।

**सीएम योगी के शहर आगमन पर आज बदला रहेगा यातायात... पेज दो**